साप्ताहिक

थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 13 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी-हिन्दी (साप्ताहिक) | जयपुर, बुधवार 14 अक्टूबर, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

बिहार: गंगा में नाव डूबी, 13 मौतें, मरने वालों में एक ही परिवार की 7 बच्चियां



हाजीपुर (वैशाली)। बिहार राज्य के वैशाली के राघोपुर में गंगा नदी में नाव पलट गई। इस हादसे में 13 बच्चों की मौत हो गई है। सभी की उम्र 6 से 15 साल के बीच बताई जा रही है। मरने वालों में 7 बच्चियां एक ही परिवार की थीं। हादसा रात करीब 8.30 बजे हुआ। जब 25 से ज्यादा लोग एक छोटी नाव में बैठकर नदी पार कर श्राद्ध के भोज में जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में पिंकी कुमारी, अंकिता कुमारी, सुनीता कुमारी, आर्यन कुमार, अलीशा कुमारी, सिकी कुमारी, भोणू कुमारी और मीरा कुमारी शामिल हैं। वैशाली की डीएम वर्षा सिंह ने बताया है कि 7 घायलों को पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया है। कितने बच्चे लापता हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

इधर, सीएम सम्राट चौधरी ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख और पीएमओ ने 2-2 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। घायलों को 50-50 हजार की राशि दी जाएगी। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। मरने वालों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला के माता महारानी स्थान के पास सिंघेश्वर राय के यहां दावत थी। 25 से ज्यादा लोग इसमें शामिल होने जा रहे थे। हादसे में जान गंवाने वालों में लड़कियां ज्यादा हैं। हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और प्रशासन के खिलाफ विरोध करने लगे।

नवीन ने जताया दुख

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोशल मीडिया X पर लिखा- बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर में गंगा नदी में नाव पलटने से हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करें।



ब्रीफ न्यूज

रुपया 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर

मुंबई। रुपये में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। आरबीआई के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटाने और विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक कारोबार को नियंत्रित करने के मकसद से उठाए गए विभिन्न कदमों से रुपये को समर्थन मिला। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए नामित बैंकों के जरिये डॉलर उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

'मेन ऑफ़ प्लेटिनम' ने अपना कलेक्शन पेश किया

मुंबई। प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने मेन ऑफ प्लेटिनम का नया कलेक्शन लॉन्च किया है। इसमें चेन, पेंडेंट, ब्रेसलेट और रिंग्स शामिल हैं, जो पुरुषों की सफलता की यात्रा के अलग-अलग चरणों के लिए डिजाइन किए गए हैं। ब्रांड के नए कैंपेन में रोहित शर्मा और अनिरुद्ध रविचंदर ने इसे प्रमोट किया है। यह कलेक्शन एक खास सोच को सामने लाता है: कामयाबी का मतलब है मजबूत चरित्र अपना रास्ता खुद बनाने का पक्का इरादा, आगे बढ़ते रहने का हौसला और वे मूल्य जो कामयाबी को एक स्थायी अर्थ देते हैं। यह कलेक्शन मेन ऑफ़ प्लेटिनम की दुनिया को और बड़ा बनाता है। इसमें बोल्ड और खास प्लेटिनम ज्वेलरी के साथ-साथ हल्के और मॉडर्न डिजाइन भी शामिल हैं, जिन्हें रोजाना पहना जा सकता है।

कांग्रेस चुनाव आयुक्तों को राज्यपाल-मंत्री बनाती थी: गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस पर अपने शासन के दौरान चुनाव आयुक्तों को राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) रहते एमएस गिल को पद्म विभूषण देना क्या रिश्वत नहीं थी। गोयल ने कांग्रेस के पुराने फैसलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को बाद में राजनीतिक पद दिए।

आर्चरी प्रीमियर लीग: राजपुताना रॉयल्स की लगातार दूसरी जीत

जयपुर। आर्चरी प्रीमियर लीग सीजन-2 में मंगलवार को राजपुताना रॉयल्स ने जीत दर्ज की। डिफेंडिंग चैंपियन राजपुताना रॉयल्स ने चेरो आर्चर्स को 6-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। विश्व नंबर-1 एला गिब्सन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी छह तीर परफेक्ट 10 के निशाने पर लगाए।

» अंदर विशेष

- जोधपुर जिला परिषद में अंतिम दिन 164 नामांकन जमा कराए ...पढ़े पेज 2 पर
- बीकानेर के नाल में सभा में गूंजे 'चौथी बार अशोक गहलोत सरकार' के नारे ...पढ़े पेज 3 पर

कांग्रेस सांसद अकोइजाम का दावा- मुझे जांच रिपोर्ट नहीं दी: नाम बताकर गोपनीयता भंग की; JNU की 11 छात्राओं ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद एंगोचा बिमोल अकोइजाम ने JNU की यौन उत्पीड़न जांच पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने जांच रिपोर्ट नहीं देने और गोपनीयता नियम तोड़ने का आरोप लगाया। अकोइजाम ने कहा कि उन्हें 9 अक्टूबर को आंतरिक समिति की जांच पूरी होने की जानकारी मिली। उसी दिन कुछ घंटों के भीतर वाइस चांसलर ने उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया।



उन्होंने दावा किया कि रिपोर्ट शिकायतकर्ता और जवाब देने वाले पक्ष, दोनों को दी जानी चाहिए थी। दोनों पक्षों को असहमति जताने और अपील करने के लिए 30 दिन मिलते हैं। JNU प्रशासन ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के बाद अकोइजाम को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया था। अकोइजाम ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। JNU में 11 छात्राओं ने अकोइजाम पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। अकोइजाम ने इन आरोपों से इनकार किया और इन्हें राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया।

अकोइजाम का दावा- जांच पूरी होने का मेल मिला, रिपोर्ट नहीं

अकोइजाम ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इंटरनल कमेटी (IC) की ओर से ईमेल मिला था। इसमें बताया गया था कि जांच पूरी हो गई है। उन्होंने कहा, "मुझे 9 तारीख को JNU की IC से ईमेल मिला। इसमें कहा गया कि जांच अब बंद हो गई है। उन्हें एक रिपोर्ट देनी थी, जिसमें निष्कर्ष और सिफारिशें शामिल हों। सांसद ने दावा किया कि रिपोर्ट उन्हें नहीं दी गई। अकोइजाम ने कहा कि रिपोर्ट नहीं मिलने से उनके कानूनी अधिकार प्रभावित हुए।

- कांग्रेस नेता ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर कानून के तहत गोपनीयता नियम तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका नाम समय से पहले लीक किया गया, ताकि लोगों में उनके खिलाफ माहौल बनाया जा सके। सांसद ने मीडिया ट्रायल का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "मीडिया में मुकदमा चलाया गया और देश में, खासकर मुख्य भूमि पर, हर कोई इसे सही मान रहा है।"
- वीसी पर बयान बदलने का आरोप अकोइजाम ने प्रशासन पर सार्वजनिक तौर पर अलग बात कहने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "अपील की सुनवाई VC को करनी है। लेकिन उन्होंने अगले दो दिनों तक मीडिया हाउसों से बात की और खुले झूठ बोले।" अकोइजाम ने दावा किया कि वाइस चांसलर ने कहा था कि उन्होंने 300 ईमेल लिखे हैं। उन्होंने कहा, "सारे नियम तोड़े गए हैं। हर तरह की चीजें होती रही हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हर दिन लोग खुद को सही मानकर मुझ पर उंगली उठा रहे हैं। क्या सिर्फ मुझे नाम देने से मैं वैसा बन जाऊंगा?"

BJP की महिला सांसदों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया



इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (BJP) की महिला सांसदों के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन में ज्ञापन देकर कांग्रेस सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा सांसद कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और मालविका देवी शामिल थीं। राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक और गीता शाक्य भी प्रतिनिधिमंडल में थीं। वरिष्ठ BJP नेता रेखा शर्मा भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं। नेताओं ने उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा और जवाबदेही तय करने के लिए संवैधानिक हस्तक्षेप की मांग की। -अंतिम पेज भी पढ़ें

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, रुपये के उतार-चढ़ाव पर होगी नजर

बाहरी कारणों से रुपये में आई गिरावट, आरबीआई जारी रखेगा उतार-चढ़ाव रोकने के प्रयास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले डेढ़ साल में रुपये के मूल्य में बाहरी कारकों के चलते काफी गिरावट आई है और घरेलू मुद्रा में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने प्रयास जारी रखेगा। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार सहित भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा है। उन्होंने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "मुझे भरोसा है कि आरबीआई रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए आगे भी कदम उठाएगा।"

- वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर

खास बातें

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सहित आर्थिक बुनियाद काफी मजबूत
- आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा



बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है

प्रतिभूति बाजार में करों के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर में बदलाव को लेकर चर्चा होना अच्छा है और वह इस संबंध में दिए जा रहे सुझावों को गंभीरता से सुनेंगी। उन्होंने कहा, "हम बजट के काफी करीब हैं और इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मेरे लिए यह बताने का सबसे अच्छा समय नहीं है कि मैं किन प्रस्तावों पर विचार करूंगी और किन पर नहीं।"

बजट अगले वर्ष 1 अप्रैल से होगा शुरू

वित्त मंत्री ने कहा कि दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर ऐसा विषय है जिस पर कई लोग अपनी राय रख रहे हैं। भारत और विदेश में निवेशकों के साथ हुई बातचीत में भी यह मुद्दा उठा है। उन्होंने कहा, "इस विषय पर चर्चा होना अच्छी बात है और मैं इन विचारों को गंभीरता से सुनूंगी।" वित्त वर्ष 2027-28 का केंद्रीय बजट अगले साल एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है।

रुपया अपना स्तर खुद ही तय करें

रुपये में गिरावट के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि आरबीआई अपने उपायों के जरिये रुपये के मूल्य का कोई निश्चित स्तर तय करने के बजाय उसमें अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, "आरबीआई के ये प्रयास जारी रहेंगे। हालांकि, उसका उद्देश्य रुपये का मूल्य तय करना नहीं है। हम चाहेंगे कि रुपया अपना स्तर खुद ही तय करे।" रुपये में गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक ने सप्ताहांत में कई उपायों की घोषणा की थी।

रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश के लिए सख्त नियम

केंद्रीय बैंक ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए एक विशेष सुविधा बनाने की घोषणा की, जिससे डॉलर की उनकी मांग हाजिर बाजार से हट सकेगी। इसके अलावा, रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव कारोबार के नियम सख्त किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के हालिया उपायों से रुपये को समर्थन मिला है।

देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा

सोमवार को रुपये के मूल्य में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि मंगलवार को शुरुआती कारोबार में यह मजबूत होकर 94.96 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। रुपये में पिछले डेढ़ साल के दौरान काफी गिरावट आई है, जिसकी मुख्य वजह बाहरी चुनौतियां हैं।

भारत ने दुनिया को सस्ती दवाएं-टैलेंट दिया: पीएम

देश पहली बार ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम का मेजबान बना है भारत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सस्ती दवाओं से लेकर प्रतिभा तक, दुनिया भारत पर भरोसा करती है। भारत ने दुनिया को शून्य दिया, लेकिन कभी इसका श्रेय या रॉयल्टी नहीं मांगी।

दिल्ली में पहली बार हो रहे ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में मोदी ने 25 मिनट स्पीच दी। कहा कि भारत की ताकत दूसरों को सक्षम बनाने में है। उन्होंने डिजिटल तकनीक, वैक्सीन सप्लाई, आर्थिक सुधारों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका का जिक्र किया। तीन दिन का यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर को खत्म होगा। इस साल फोरम की थीम 'बदलती दुनिया में ताकत के नए स्रोत तय करना' है।

पीएम बोले- अवसर पैदा करें, देशों को जोड़े

पीएम ने कहा कि ज्ञान, धन और शक्ति का महत्व इस बात में है कि उनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाता है। भारत दूसरों के लिए अवसर पैदा करने और देशों को जोड़ने में विश्वास रखता है। कोविड के दौरान भारत ने 100 से ज्यादा देशों में वैक्सीन पहुंचाई। भारत अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल पूरी मानवता के फायदे के लिए करना चाहता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ सप्लाई चेन, ऊर्जा, खनिज और तकनीक भी देशों के बीच दबाव बनाने के साधन बन रहे हैं। दुनिया को भरोसेमंद साझेदारों की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करना है। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक दशक में भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। स्टार्टअप के मौके छोटे शहरों तक पहुंचे हैं। आर्थिक सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की विकास दर 7.8% रही और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से ज्यादा है। कारोबार को आसान बनाना और सुधार करना सरकार की प्रतिबद्धता है। 2014 के बाद मोबाइल डेटा सस्ता हुआ है। पेज 8 भी पढ़ें

चीन ने लद्दाख की 28 जगहों को अपना बताया: भारत ने नाम बदले थे; इनमें गोगरा-हॉट स्प्रिंग, जहां 2020 में दोनों देशों की सेनाएं टकराईं

बीजिंग/नई दिल्ली। चीन ने लद्दाख की 28 जगहों पर अपना बताया है। चीन ने मंगलवार को इन जगहों के नाम तय करने के भारत के फैसले पर आपत्ति भी जताई। चीन ने कहा- ये इलाके हमारे हैं और भारत के नाम बदलने या नया नाम रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदलेगा। भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे इलाके भी शामिल हैं, जहां 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव हुआ था। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को कहा कि चीन लद्दाख को भारत की ओर से बनाया गया केंद्र शासित प्रदेश नहीं मानता। चीन ने भारत के इस कदम को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि सीमा के पश्चिमी हिस्से के ये इलाके उसके हैं। माओ के मुताबिक, भारत के इस फैसले से सीमा के पश्चिमी हिस्से में उन इलाकों पर चीन का दावा नहीं बदल सकता, जिन्हें वह अपना क्षेत्र मानता है।



चीन की आपत्ति पर भारत ने भी जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि लद्दाख भारत का हिस्सा है। चीन के इनकार करने से यह हकीकत नहीं बदलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन जगहों के नाम सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शे में दर्ज किए गए हैं। यह काम लद्दाख प्रशासन और स्थानीय लोगों से सलाह लेकर किया गया है। जायसवाल ने कहा कि इन जगहों के नाम नक्शे में दर्ज करने का मकसद उनकी सही पहचान करना और लोगों को उनके बारे में जानकारी देना है। भारत ने जिन जगहों के नाम तय किए, इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग भी शामिल हैं। ये पूर्वी लद्दाख के संवेदनशील इलाके हैं, जहां भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीमा पर तनाव रहा है। इन जगहों पर भारतीय सैनिक गश्त भी करते हैं। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद बढ़ गया था। 5 मई को पैंगोंग झील के पास दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। 2020 के जून में गलवान घाटी में भी दोनों सेनाओं के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। इसके बाद दोनों देशों ने सीमा पर तनाव कम करने और सैनिकों को पीछे हटाने के लिए बातचीत शुरू की। सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया 2022 में शुरू हुई।

गोगरा और हॉट स्प्रिंग पूर्वी लद्दाख के संवेदनशील इलाके

भारत ने जिन जगहों के नाम तय किए, इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग भी शामिल हैं। ये पूर्वी लद्दाख के संवेदनशील इलाके हैं, जहां भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीमा पर तनाव रहा है। इन जगहों पर भारतीय सैनिक गश्त भी करते हैं। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद बढ़ गया था। 5 मई को पैंगोंग झील के पास दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। 2020 के जून में गलवान घाटी में भी दोनों सेनाओं के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था।

ममता पर चाकू से हमले की कोशिश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके घर के पास मंगलवार शाम एक महिला ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। घटना शाम करीब 6 बजे की है, जब ममता अपने कालीघाट स्थित आवास के पास दुर्गा पंडाल का उद्घाटन करने जा रही थीं। ममता इस घटना में घायल नहीं हुईं। घटना के बाद उन्होंने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और फिर अपने आवास लौट गईं। TMC की पूर्व राज्यसभा सांसद डोला सेन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के मुताबिक, आरोपी महिला का नाम तनिष्ठा साहा है। वह इलाके में सिविक वॉलंटियर के तौर पर जानी जाती है। सेन ने आरोप लगाया कि महिला नशे की हालत में गाली-गलौज कर रही थी और चाकू लेकर ममता की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

विधायक सेवा केंद्र में आवेदन करने वालों की उमड़ी भारी भीड़, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत पूर्व पाली सांसद पुष्प जैन भाजपा जिला अध्यक्ष रहे मौजूद

जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्य हेतु आवेदन कैबिनेट मंत्री को दिए गए







थिंक राजस्थान • जैतारण। केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के नैतृत्व में पंचायतीराज चुनाव-2026 के निमित जैतारण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत समितियों जैतारण व रास जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें जैतारण पंचायत समिति से 86, रास पंचायत समिति से 57 एवं जिला परिषद सदस्यों के लिए 37 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर ब्यावर जिला पंचायतीराज प्रभारी पुष्प जैन, सह प्रभारी विजयसिंह पंवार, रास पंचायत समिति प्रभारी महावीर शर्मा, जैतारण पंचायत समिति प्रभारी शक्तिसिंह उपस्थित रहें। भाजपा संगठन की ओर से विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस प्रक्रिया में भाग लिया। यह जानकारी केबिनेट मंत्री के निजी सहायक राकेश गहलोत ने बताया कि रायपुर पंचायत समिति के जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के आवेदन 15 अक्टूबर को बर द्वारकाधीश होटल बर पर लिए जायेगें।

ब्रीफ न्यूज

महल धणी दादा के दरबार में सजी भजन संध्या, भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल



थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

शहर के दर्जियों के बास स्थित महल धणी दादा दरबार में सोमवार रात 'एक शाम महल धणी के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक दिलीप गवया एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया। भजनों की प्रस्तुतियों के दौरान दरबार में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। आयोजन के दौरान महल धणी दादा के दरबार में ध्वजा भी चढ़ाई गई। भजन संध्या को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए महल धणी दादा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। 'एक शाम महल धणी के नाम' कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा।

पीपाड शहर नगरपालिका मंडल की साधारण बैठक आज

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

नगरीय चुनाव के बाद पीपाड पालिका में कांग्रेस का बोर्ड बनने के बाद पहली बार आज बुधवार को नगर पालिका मंडल की बैठक पालिका सभागार में सुबह 11बजे से रखी गई है।बैठक नगर पालिका अध्यक्ष आशा देवी कच्छवाह की अध्यक्षता में होगी पालिका अधिशासी अधिकारी मोहम्मद सुहैल शेख ने बताया कि इस बैठक में शहर के विकास ,सौंदर्यकरण पर विचार विमर्श किया जाएगा साथ सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा।इस बैठक में नगर के सभी पार्षद मौजूद रहेंगे।



विभिन्न कार्यक्रमों का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत करेंगे

थिंक राजस्थान • जैतारण

जैतारण क्षेत्र के राजकीय कॉलेज महाविद्यालय के समीप स्थित एनं एच 25 हाईवे ढाका कमान से गोरिया बेरा व गोरिया बेरा से फुलमाल खेड़ा महाराजपुरा सीमा तक डामर सडक निर्माण का भूमि पूजन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य अतिथि में किया जाएगा आयोजन समिति के सौजन्य करता धर्माराम ढाका समाजसेवी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा इसके अलावा घीसू लाल चुन्नीलाल मदनलाल बालकृष्ण उपाध्याय की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों उपाध्याय परिवार द्वारा पक्षी चुगा गृह निर्माण का विधिवत उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत जैतारण नगर पालिका अध्यक्ष भेनाराम गहलोत की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को किया जाएगा जिसमें आसपास के गांव के सैकड़ो लोग ग्रामीण जन भाग लेंगे उद्घाटन समारोह की तैयारी को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयार की जा रही है इस कार्यक्रम में समाजसेवी धर्माराम ढाका हैदराबाद हाल जैतारण द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जा रहा है।

पुलिस थाना भोजासर की वांछित अपराधियों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

एनडीपीएस एक्ट के तीन प्रकरणों में वांछित आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • फलौदी

आदित्य काकड़े पुलिस अधीक्षक फलौदी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, उपयोग व तस्करी में लिप्त वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन "उजास" के तहत पुलिस थाना भोजासर को एनडीपीएस एक्ट के 03 प्रकरणो मे लम्बे समय से वांछित मुलजिम जयजनार्दन उर्फ जालाराम को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

14.जुलाई.2024 को थानाधिकारी सदर हनुमानगढ द्वारा एक नैक्सॉन कार में सप्लाई किया जा रहा 77 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर आरोपी गण राजेश, दिनेश, कुलदीपसिंह, मोहनराम व संदीप को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया था। प्रकरण में अवैध डोडा पोस्त सप्लाई करने के आरोप में आरोपी जयजनार्दन पिछले दो साल से फरार चल रहा था।

16.सितम्बर.2024 को थानाधिकारी पुलिस थाना खेड़ापा द्वारा आरोपी बजरंग राम व मुकेश को गिरफ्तार कर ब्रेजा कार में परिवहन किये जा रहे कुल 217 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था।



02.जुलाई.2026 को थानाधिकारी पुलिस थाना चाखु द्वारा आरोपी सुनिल कुमार के घर से 41 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी पिछले 03 माह से फरार चल रहा था।

आदित्य काकड़े पुलिस अधीक्षक फलौदी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, उपयोग व तस्करी में लिप्त वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी थानाधिकारीयों को अधिकाधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। आरोपी जयजनार्दन उर्फ जालाराम पुत्र झूमरराम विश्नोई उम्र 38 साल निवासी विश्नोईयो की ढाणी पांचला सिद्धा पुलिस थाना खीवसर जिला नागौर उपरोक्त तीनों प्रकरणों में वांछित होने से गिरफ्तार के निर्देश दिये गये थे। जिस पर ब्रजराज सिंह चारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलौदी व श्री भवानीसिह सीओ लोहावट के सुपरविजन में जमील खान सीआई थानाधिकारी भोजासर मय टीम द्वारा आसुचना संकलन कर आरोपी जयजनार्दन उर्फ जालाराम को दस्तयाब किया जाकर पुलिस थाना चाखु के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। गुलजिग से अवैध डोडा पोस्त खरीद फरोख्त सबंधी गहन अनुसंधान जारी है।

पूर्व अपराधिक रिकोर्ड आरोपी जयजनार्दन उर्फ जालाराम पुत्र झूमरराम विश्नोई उम्र 38 साल निवासी विश्नोईयो की ढाणी पांचला सिद्धा पुलिस थाना खिंवसर जिला नागौर हाल निवासी केलनसर पुलिस थाना चाखु जिला फलोदी के विरूद्ध पूर्व में पुलिस थाना उदय मंदिर, मतौड़ा, राजीव गांधी नगर, फलौदी, खेड़ापा, सदर हनुमानगढ, चाखू में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, चोरी, मारपीट, रोड एक्सीडेन्ट के कुल 6 प्रकरण दर्ज होना पाये गये है। कार्यवाही में जमिल खान सीआई थानाधिकारी भोजासर, दयाराम एएसआई, कानि. पुष्पेन्द्र, मोडाराम, रामुराम, रेवन्तराम, सदामाराम, राजाराम, अभिषेक, विशेष, चालक जेठाराम शामिल रहे। जिन्हे पुलिस अधीक्षक फलौदी द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

सेवा सेतु अभियानः शिविर में 2 भवन निर्माण स्वीकृति और दो नामांतरण पत्र वितरित

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर



राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत मंगलवार को नगर पालिका सभागार में वार्ड संख्या 21 से 24 के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमजन को विभिन्न नगरपालिका सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाया गया।

नगर अधिशाषी अधिकारी सुहैल शेख के निर्देशन में आयोजित शिविर के दौरान 2 भवन निर्माण स्वीकृति तथा 2 नामांतरण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा 13 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। शिविर में नगरपालिका के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान कीं।इस दौरान राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र, कनिष्ठ अभियंता विपिन परिहार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी शिवलाल सैन, वरिष्ठ सहायक विजय विश्नोई, केसरसिंह राजपुरोहित, शंकरराम जाखड़, रमेश पारीक, सुल्तान, भंवरलाल शर्मा, जयसिंह, अंकित शर्मा और किशोर वैष्णव सहित नगरपालिका के अन्य कार्मिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।नगरपालिका अध्यक्ष आशा सुरेश कच्छावाह ने आमजन से अपील की कि वे सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सरकारी योजनाओं एवं नगरपालिका की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाएं। आज वार्ड 25 से 27 के लिए लगेगा। शिविर सेवा सेतु अभियान के तहत बुधवार, 14 अक्टूबर को वार्ड संख्या 25 से 27 के लिए शिविर का आयोजन नगरपालिका कार्यालय में किया जाएगा। संबंधित वार्डों के नागरिकों से शिविर में पहुंचकर आवश्यक कार्यों का निस्तारण करवाने की अपील की गई है।

श्रीराम-जानकी सामूहिक सरल विवाह की तैयारियों को लेकर बैठक



थिंक राजस्थान • जैतारण

श्रीराम-जानकी सामूहिक सरल विवाह आयोजन समिति द्वारा विजयादशमी पर होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 20 अक्टूबर, विजयादशमी के दिन 10 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण मंगल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी समिति सदस्यों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। तैयारियों की समीक्षा एवं शेष कार्यों के निष्पादन हेतु एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सभी को अपने-अपने दायित्व की जानकारी दी गई समिति में सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए।

युवक के मर्डर के तीन आरोपियों को जेल भेजा: हथियारों से किया था हमला

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में 9 अक्टूबर को हुई युवक की हत्या के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में मंगलवार को पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर पूर्व के मथानिया थाना क्षेत्र में बालरवा गांव में रूपाराम पर आरोपियों ने हमला कर दिया था। घटना के संबंध में रूपाराम के पिता मंगलाराम बावरी निवासी बालरवा ने मथानिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि मेरा बेटा रूपाराम (32) कृषि कार्य करता था। रूपाराम 9 अक्टूबर की शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच बालरवा बस स्टैंड गया हुआ था। वहां प्रेमाराम पुत्र बींजाराम और ओमाराम पुत्र गंगाराम सहित अन्य लोगों ने धारदार हथियार से मेरे बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे रूपाराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मथानिया थानाधिकारी तुलसी चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले में मुलाराम पुत्र बींजाराम, भुराराम पुत्र श्रवणराम और रूपाराम पुत्र छोगाराम निवासी बालरवा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और रूपाराम की बाइक भी बरामद कर ली है।



पंचायतीराज आम चुनाव-2026 जोधपुर जिले में नामांकन का अंतिम दिन संपन्न, और पंचायत समिति में 133 प्रत्याशियों द्वारा 139 नए नामांकन आए

जोधपुर जिला परिषद में अंतिम दिन 154 प्रत्याशियों ने 164 नामांकन जमा कराए

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के अंतर्गत जोधपुर जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिला परिषद सदस्यों के लिए अंतिम दिन 154 अभ्यर्थियों ने किए 164 नामांकन एवं कुल आज दिनांक तक 196 प्रत्याशियों द्वारा 208 नामांकन प्रस्तुत किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (सांख्यिकी प्रकोष्ठ) कार्यालय, जोधपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतिम दिन जिला परिषद सदस्य पद के लिए कुल 154 अभ्यर्थियों द्वारा 164 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इसी प्रकार अब तक जिला परिषद सदस्यों के लिए अंतिम दिन तक कुल 196 प्रत्याशियों के 208 नामांकन प्रस्तुत किये है। पंचायत समिति सदस्यों के लिए अंतिम दिन 139 नामांकन एवं कुल आज दिनांक तक 301 अभ्यर्थियों द्वारा 307 नामांकन प्रस्तुत जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में अंतिम दिन कुल 133 अभ्यर्थियों द्वारा 139 नामांकन पत्र प्राप्त प्रस्तुत किए गए। इसमें अंतिम मंगलवार को पंचायत समिति चांबा से 27 अभ्यर्थियों ने 28 , पंचायत समिति शेरगढ से 16 अभ्यर्थियों ने 16, पंचायत समिति आगोलाई से 33 अभ्यर्थियो ने 35, पंचायत समिति सेखाला से 12 अभ्यर्थियों ने 12, पंचायत समिति बालेसर से 22 अभ्यर्थियो ने 23 तथा पंचायत समिति चामू से 23 अभ्यर्थियो ने 25 नामांकन प्रस्तुत किए है। इसी प्रकार आज अंतिम दिन मंगलवार तक कुल 301 अभ्यर्थियों द्वारा 307 नामांकन प्रस्तुत किए गए। इसमे पंचायत समिति चाबा से कुल 55 अभ्यर्थियों ने 56, पंचायत समिति शेरगढ से 45 अभ्यर्थियों ने 45, पंचायत समिति आगोलाई से 64 अभ्यर्थियो ने 66, पंचायत समिति सेखाला से 42 अभ्यर्थियों ने 42, पंचायत समिति बालेसर से 49 अभ्यर्थियो ने 50 तथा पंचायत समिति चामू से 46 अभ्यर्थियो ने 48 नामांकन प्रस्तुत किए है।

पाली: 90 नामांकन पत्र वितरित, दो अभ्यर्थियों ने जमा करवाए पर्चे, 16 अक्टूबर तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे नामांकन, 17 को होगी पत्रों की संवीक्षा

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत पाली पंचायत समिति क्षेत्र में द्वितीय चरण के मतदान को लेकर मंगलवार को लोक सूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। नामांकन के लिए स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से मंगलवार तक 68 व्यक्तियों को कुल 90 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए। वहीं, पंचायत समिति सदस्य पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य पद के चुनाव के लिए मंगलवार तक 68 व्यक्तियों को 90 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें वार्ड संख्या 9 से लुम्बाराम तथा वार्ड संख्या 12 से ललिता ने अपने नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र राजकीय अवकाशों को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी इस दिन दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा करवा सकेंगे।

17 अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की संवीक्षा

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थी 19 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा।

कार्मिक तैयारियों में जुटे

इस दौरान प्रशिक्षु आरएएस अंकिता पाराशर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुनील कुमार, चुनाव शाखा प्रभारी ललित कुमार दवे, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, युजवेन्द्र खेमलानी, जयपाल सिंह, ताराचंद सेजू, मीठालाल चांवरिया, इकबाल अली, शाहिल जोशी, भूपेन्द्र मीणा एवं नरेश चौधरी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

चाकसू में आस्था का सैलाब: पाल वाले बालाजी के जयकारे गूंजे

मुख्य बाजार, द्वितीय विशाल पदयात्रा में उमड़े सैकड़ों भक्त, बजरंग बली के नारे और फूलों की बारिश



थिंक राजस्थान • चाकसू

कस्बे में मंगलवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मनोहरा तालाब स्थित प्रसिद्ध श्री वीर हनुमान मंदिर (पाल वाले बालाजी) के लिए द्वितीय विशाल पदयात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान पूरा मुख्य बाजार "जय बजरंग बली - जय श्री राम"के उद्घोष से गूंज उठा।प्राप्त जानकारी के अनुसार पदयात्रा का शुभारंभ चतुर्भुज जी मंदिर से मंगलवार प्रातः 9:30 बजे हुआ। वहां पूजा-अर्चना के बाद पदयात्रा रवाना हुई, जो मुख्य बाजार से गुजरती हुई मनोहरा तालाब स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पहुंची।

मुख्य बाजार में पदयात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय व्यापारियों और भक्तों ने पदयात्रियों पर



फूल-मालाओं की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। डीजे पर भजनों की धुन और हाथों में भगवा ध्वज लिए भक्त नाचते-गाते चल रहे थे। पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था।मनोहरा तालाब मंदिर पहुंचने पर भक्तों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी।आयोजकों में टींकू गौतम, राजेन्द्र नामा, उमेश तिवाड़ी और कुंज बिहारी ने बताया कि यह द्वितीय विशाल पदयात्रा है और पिछले वर्ष की तुलना में इस बार यह और भी अधिक भव्य रही। उन्होंने बताया कि पाल वाले बालाजी के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा है और हर साल इस पदयात्रा को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

ब्रीफ न्यूज

चूरू के खंडवा गांव में 15 अक्टूबर को भजन संध्या, 17 अक्टूबर को जन्मोत्सव का होगा आयोजन



थिंक राजस्थान • चूरू

जिले के खंडवा गांव में ग्रामीणों की ओर से श्री करणी माता धाम में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 15 अक्टूबर 2026, गुरुवार की रात 8:15 बजे भजन संध्या होगी, वहीं 17 अक्टूबर 2026, शनिवार को शाम 7:15 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है तथा धार्मिक आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। भजन संध्या में भजन गायिका सुश्री रमा कुमारी डीडवाना भजनों की प्रस्तुति देंगी। आयोजन के दौरान श्री करणी माता, भगवान गणेश जी एवं भैरूजी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ भक्ति का माहौल रहेगा। ग्रामीणों की ओर से श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। आयोजन स्थल गढ़ के पास खंडवा गांव स्थित श्री करणी माता धाम रहेगा।

बीकानेर: पूर्व व उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

थिंक राजस्थान • बीकानेर

सत्र 2026-27 में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया के तहत शाला दर्पण पोर्टल पर पूर्व एवं उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रस्ताव तैयार करने और सत्यापित करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, बीकानेर डॉ. राम गोपाल शर्मा ने सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। पहले आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। निर्देशों के अनुसार, राजकीय एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ ही शाला दर्पण पोर्टल पर ऑटो प्रक्रिया के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रस्ताव तैयार कर निर्धारित अवधि में सत्यापित करने होंगे। संबंधित विद्यालयों को विद्यार्थियों की आवश्यक सूचनाएं एवं दस्तावेज समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 9 से 12 तक NMMS छात्रवृत्ति योजना में चयनित विद्यार्थी अधिसूचना में उल्लिखित अन्य योजनाओं के अतिरिक्त दूसरी योजनाओं के लिए पात्र नहीं होंगे। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में विद्यार्थियों का ओटीआर तथा आधार से जुड़ा बैंक खाता अनिवार्य है।

मिसेज इंडिया द क्राउन की विजेता गरिमा बनीं बेटी फाउंडेशन क्लब की ब्रांड फेस

थिंक राजस्थान • जयपुर

मिसेज इंडिया द क्राउन 2026 विजेता,समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली समाजसेविका एवं चिकित्सक गरिमा चौहान को उनके सामाजिक कार्यों, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों



को देखते हुए बेटी फाउंडेशन क्लब की ब्रांड फेस नियुक्त किया गया है। गरिमा चौहान ने चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का परिचय दिया है। उनकी यह नियुक्ति बेटी फाउंडेशन क्लब के महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। बेटी फाउंडेशन क्लब का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में समानता एवं सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना है। गरिमा चौहान की नियुक्ति से संगठन को सामाजिक जागरूकता के अभियानों को नई दिशा देने और अधिक से अधिक लोगों तक अपने संदेश को पहुंचाने में सहयोग मिलेगा। बेटी फाउंडेशन क्लब के संस्थापक एवं निदेशक राज शर्मा ने गरिमा चौहान को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह अपने अनुभव, सेवाभाव और सकारात्मक सोच के माध्यम से संगठन के सामाजिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

बीकानेर के नाल में सभा में गूंजे 'चौथी बार अशोक गहलोत सरकार' के नारे, पूर्व सीएम ने कहा— ऐसे मत बोलो- गलतफहमी होती है

थिंक राजस्थान • बीकानेर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को नाल में सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोगों ने 'चौथी बार अशोक गहलोत सरकार' के नारे लगाए। इस पर गहलोत ने कहा कि ऐसे नारे मत लगाओ, इससे हमारे बीच गलतफहमी होती है। मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह पार्टी आलाकमान तय करेगा। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी इस पर फैसला करेंगे। इससे पहले नाल एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने गहलोत का स्वागत किया। उन्होंने नाल बड़ी गांव में पत्रकारों से बातचीत की। इसके बाद हदां पहुंचकर पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी के पिता रघुनाथ सिंह भाटी के निधन पर शोक जताया और परिजनों को सांत्वना दी।

गहलोत ने कहा कि सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनकी स्थिति का आकलन करना चाहिए। जरूरत के अनुसार राहत और सहायता उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को श्रीडूंगरगढ़ दौरे के दौरान सूखा प्रभावित किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। प्रदेश कांग्रेस में एकजुटता पर गहलोत ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और अन्य नेता मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों का सामना करने के लिए सामूहिक रूप से संघर्ष करने की बात कही।



सालासर पैदल यात्रियों के लिए निःशुल्क सेवा भंडारा शुरू



थिंक राजस्थान • सरदारशहर

श्री रुद्रावतार बालाजी सेवा समिति एवं विकास मंच की ओर से हनुमानगढ़ रोड स्थित मीरा निकेतन में सालासर बालाजी जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सेवा भंडारे का शुभारंभ किया गया। विकास मंच अध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित ने फीता काटकर भंडारे का उद्घाटन किया और बालाजी महाराज के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना की। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए चाय, पानी, नाश्ता, भोजन, चिकित्सा सुविधा और रात्रि विश्राम की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। समिति का उद्देश्य पैदल यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। इस अवसर पर बाबूलाल माली, रामनिवास प्रजापत, बाबूलाल परमजी, शंकरलाल कम्मा, बंसीधर स्वामी, कृष्णकांत भोजक, प्रकाश शर्मा, परमेश्वर भार्गव, बाबूलाल सैनी, कालूराम शर्मा, कमल तंवर, बलवान राव, बजरंग सोनी, सौरभ सैनी, गोविंद सैनी और प्रमोद पारीक सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे। समिति ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना की।

जयपुर फुट: फिजी में शिविर शुरू, 650 विकलांगों का पुर्नवास करेंगे



थिंक राजस्थान • जयपुर

दक्षिण प्रशांत सागर स्थित फिजी द्वीप में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट के शिविर में 650 फिजी के विकलांगों का पुर्नवास कर उन्हें चलने फिरने योग्य बनाया जाएगा। फिजी की राजधानी सुवा के ट्रमे हॉस्पिटल में शिविर के उद्घाटन समारोह में फिजी के चिकित्सा मंत्री डॉ. रातू एन्टोनियो राबिकी लाला बालानू, फिजी स्थित भारत के उच्चायुक्त सुनीत मेहता तथा जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के अध्यक्ष सतीश मेहता उपस्थित थे। समारोह में भारतीय मूल के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह में उच्चायुक्त सुनीत मेहता, जो जोधपुर से संबंध रखते हैं ने कहा कि फिजी के चिकित्सा मंत्री की समारोह में उपस्थिति भारत और फिजी की मैत्री को दर्शाती हैं। वहीं गत वर्ष फिजी के प्रधानमंत्री के भारत दौरे पर जयपुर फुट के शिविर का आयोजन फिजी में करने का वचन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने पूरा किया हैं । उच्चायुक्त सुनीत मेहता ने बी.एम.वी.एस.एस. के तकनीशियों को भी धन्यवाद दिया। बीएमवीएसएस के अध्यक्ष सतीश मेहता ने जयपुर फुट की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के विदेश मंत्रालय के सहयोग से 29 देशों में इसी तरह के शिविर लगाए जा चुके हैं। शिविर में तीन लाभार्थी संदीप कुमार, नेनियाना, डीसी सेनाकागी और फैनिओग फलासा ने जयपुर फुट लगवाने के बाद अपने अनुभव साझा किए और कहा कि अब वह नए जीवन का आनन्द लेंगे। साथ ही जयपुर फुट ने उन्हें एक वरदान दिया है और उनके जीवन में आशाओं का संचार किया हैं। फिजी के चिकित्सा मंत्री ने शिविर के लिए भारत सरकार का धन्यवाद दिया।

बाड़मेर में हादसा: गाड़ी के दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला

ट्रैक्टर-कार की भिड़ंत, पति-पत्नी व 2 दिन के बेटे की मौत घायलों की मदद करने के बजाए लोग वीडियो बना रहे थे

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर में ट्रैक्टर ने कार को टक्कर मारी दी। हादसे में पति-पत्नी और उनके दो दिन के बेटे की मौत हो गई। ड्राइवर सहित 3 लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के गेट तोड़कर फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। दो दिन पहले महिला की जिला हॉस्पिटल में डिलीवरी हुई थी। परिवार खुशी-खुशी हॉस्पिटल से घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शी अचलाराम ने बताया- मौके पर लोग वीडियो बना रहे थे। हादसा रामसर इलाके के हाथमा गांव के पास मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। थानाधिकारी विक्रमदान चारण ने बताया कि हादसे में हिंगलाजराम निवासी बालेवा और उसकी पत्नी तुलसी और उनके 2 दिन के बेटे की मौत हो गई।

थानाधिकारी के अनुसार, तुलसी को आज हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने के बाद हिंगलाजराम अपने घर (बालेवा) ले जा रहा था। हिंगलाजराम की दो बहनें गुड्डी निवासी तुड़बी और शायरी निवासी मोडा भी साथ मौजूद थीं। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे हाथमा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और आगे का हिस्सा पिचक गया, जिससे कार सवार लोग अंदर ही फंस गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने कार का गेट तोड़कर बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घायलों को प्राइवेट गाड़ियों और 108 एंबुलेंस से जिला हॉस्पिटल पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शी लोको पायलट अचलाराम ने बताया- आज छुट्टी पर घर जा रहा था। मेरे खुद की फैमिली अलग गाड़ी में आगे चल रही थी। मैं पीछे चल रहा था। मैं खड़ीन फांटा से हाथमा की तरफ गया। वहां भीड़ लगी हुई थी। ट्रैक्टर रोड पर खड़ा था। एक स्विफ्ट कार गड्ढे में पड़ी थी। वहां से चिल्लाने की आवाज आ रही थी। पास में बड़ी संख्या में लोग खड़े थे। लेकिन कोई भी घायलों का हाथ नहीं लगा रहे थे, पास में खड़े थे। लोग वीडियो और फोटो बना रहे थे। मैं और मेरे साथ बांकाराम और धर्माराम इन सबने मिलकर हिम्मत की। बांकाराम ने कार का दरवाजे तोड़कर घायलों को बाहर निकाला।

पंचायत राज चुनाव में डूडी परिवार की एंट्री, निकिता डूडी ने वार्ड 13 से भरा नामांकन

थिंक राजस्थान • बीकानेर

पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस के दिवंगत नेता रामेश्वर डूडी के परिवार की एंट्री हो गई है। उनकी पुत्रवधू निकिता डूडी ने जिला परिषद के वार्ड नंबर 13 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान रामेश्वर डूडी के पुत्र अजय डूडी भी मौजूद रहे। रामेश्वर डूडी पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व सांसद और पूर्व जिला प्रमुख रह चुके थे। निकिता डूडी को जिला प्रमुख पद के संभावित दावेदारों में माना जा रहा है। उनके नामांकन के बाद बीकानेर की सियासत में हलचल तेज हो गई है। नामांकन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास तरड़, पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह, चरकड़ा सरपंच सवाई सिंह, रामनिवास गोदारा, सीताराम डूडी, रामनारायण ज्यानी और गणपत राम बिश्नोई सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

थिंक राजस्थान • फलौदी

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एक्शन-प्लान की पालना में श्रीमान चक्रवर्ती महेचा, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) फलोदी के निर्देशन में दिनांक 13.10.2026 को जिला फलोदी में पदस्थापित समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत विद्यालयो में विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ अजय कुमार बिश्नोई, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), फलोदी द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में जीने, पढने एवं आगे बढ़ने का अधिकार है। उन्होंने बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009, बच्चों के अधिकारों आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बिश्नोई ने बताया कि बच्चों को विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित भवन, स्वच्छ शौचालय एव अन्य आवश्यक सुविधाओं का अधिकार है। शिविर से यह संदेश दिया गया कि बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील एवं सहयोगपूर्ण वातावरण का निर्माण करना आवश्यक है, ताकि वे बिना किसी भय के शिक्षा प्राप्त कर सके तथा अपने व्यक्तित्व का समुचित विकास कर सकें। डॉ. बिश्नोई ने



विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सहायता 112, पुलिस सहायता 100, महिला हेल्पलाइन 181, साईबर फॉड हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन 15100 के सम्बन्ध में जानकारी दी, साथ ही विद्यालय मे स्थापित कोर्ट वाली दीदी सुझाव शिकायत पेटिका के माध्यम से भी अपनी शिकायत या सुझाव गोपनीय रूप से दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

फलोदी जिले में डॉ. अजय कुमार बिश्नोई, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), फलोदी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पलीना में, श्री हर्ष कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फलोदी द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, ननेउ मे, श्री जितेन्द्र कुमार, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सख्या 01, फलोदी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिठड़ी में, श्रीमती सुप्रभा देवल, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 02, फलोदी द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोखेरी में, सुश्री देवयानी शर्मा, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, फलोदी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चाण्डों की ढाणी, कुण्डल में, श्रीमती गरिमा चौधरी, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, लोहावट द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, छीला में एवं श्री महेन्द्र कुमार मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाप द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाप में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ब्रीफ न्यूज

जोधपुर में पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस की सूची जारी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

कांग्रेस ने जिला परिषद सदस्यों के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में पुराने नेताओं के साथ नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। कांग्रेस ने जोधपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छात्र नेता चेतन ग्वाला को वार्ड नंबर 31 से जिला परिषद सदस्य का टिकट दिया है। वहीं जोधपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. राकेश चौधरी को वार्ड नंबर 9 से टिकट दिया गया है। इस बार जिला परिषद सदस्यों में पूर्व जिला प्रमुख लीला मदेरणा और पूर्व उप जिला प्रमुख विक्रम विश्नोई दोनों चुनावी मैदान में नहीं उतरे हैं। हालांकि विक्रम विश्नोई की मां कुसुम विश्नोई को वार्ड नंबर 22 से टिकट दिया गया है। वहीं पूर्व विधायक हीराराम मेघवाल के बेटे महेश मेघवाल को वार्ड 24 से टिकट मिला है।

दो ट्रेनों में 10 कोच बढ़ाए गएःयार्ड में काम के चलते दो ट्रेनें रद्द रहेंगी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

रेलवे ने यात्री भार को देखते हुए जोधपुर की 2 ट्रेनों में 10 कोच बढ़ाए हैं। इनमें जोधपुर-इंदौर और इंदौर-भगत की कोठी ट्रेन शामिल हैं। दूसरी तरफ लालगढ़ यार्ड में काम के चलते दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। एक ट्रेन आंशिक रद्द रहेगी ट्रेन नंबर 14801/14802, जोधपुर-इंदौर में जोधपुर से 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इंदौर से 9 अक्टूबर से 3 नवंबर तक 2 स्लीपर और 3 जनरल कोच में बढ़ोतरी की गई है। ट्रेन नंबर 12465/12466, इंदौर-भगत की कोठी में इंदौर में 17 अक्टूबर से 1 नवंबर और भगत की कोठी से 18 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 2 स्लीपर कोचर और 3 जनरल कोच में बढ़ोतरी की गई है।

दो ट्रेन रद्द, एक आंशिक रद्दः ट्रेन नंबर, 19720 सूरतगढ़-जयपुर एक्सप्रेस 14 अक्टूबर को रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर, 19719 जयपुर-सूरतगढ़ एक्सप्रेस भी 14 व 15 अक्टूबर को संचालित नहीं होगी। ट्रेन नंबर 12467, जैसलमेर-जयपुर लीलण सुपरफास्ट एक्सप्रेस 14 अक्टूबर को जैसलमेर के बजाय बीकानेर से संचालित होगी। यह ट्रेन जैसलमेर से बीकानेर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

30 साल पुराने मारपीट मामले में आरोपी रिहाः हाईकोर्ट ने जेल नहीं भेजा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने 30 साल पुराने मारपीट मामले में निचली अदालत का फैसला बदला है। जस्टिस फरजंद अली की बेंच ने आरोपी मांगीलाल को साधारण चोट पहुंचाने से बरी रखा, लेकिन गंभीर चोट पहुंचाने का दोषी ठहराया। मामले के हालात और लंबे समय बाद फैसला आने के कारण कोर्ट ने मांगीलाल को जेल भेजने के बजाय परिवीक्षा का फायदा दिया। यह घटना 6 अक्टूबर 1996 की है, जब मांगीलाल ने गोपालदास के साथ लाठी, लात-घूंसों से मारपीट की थी। गोपालदास को फ्रैक्चर सहित कई चोटें आई थीं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 17 नवंबर 1998 को गवाहों के बयानों में अंतर के आधार पर आरोपी को बरी किया था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर माना कि निचली अदालत ने छोटी कमियों को ज्यादा अहमियत दी। घायल के बयान और मेडिकल सबूत मारपीट की पुष्टि करते हैं। कोर्ट ने मांगीलाल को धारा 325 के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल तक शांति बनाए रखने की शर्त पर परिवीक्षा दी। उसे 2 हजार रुपए का बॉन्ड भरने और गोपालदास को तीन महीने में 50 हजार रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। मांगीलाल को चार सप्ताह में ट्रायल कोर्ट में उपस्थित होना होगा।



कांग्रेस की बैठक में शहर के विकास को लेकर हुआ मंथन

नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत-अभिनंदन, विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

नगर कांग्रेस कमेटी पीपाड़ शहर की ओर से मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षदों की प्रथम बैठक नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोबर सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष आशा देवी कच्छावाह एवं पार्षदों का माला और साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष आशा देवी कच्छावाह ने कहा कि पीपाड़ शहर का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। शहर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों की सुचारू व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और



व्यवस्थित बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य करवाए जाएंगे।अध्यक्ष ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना नगरपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शहरवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने पार्षदों से अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को सामने लाने तथा आपसी समन्वय से विकास कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग से पीपाड़ शहर को विकास की नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा।बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अंत में नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोबर सिंह कच्छावाह ने नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर समाजसेवी सुरेश कच्छवाह,पूर्व पालिका अध्यक्ष बाबुलाल टाक, अमराराम भाटी, बाबूलाल सांखला, जियाराम, मिश्राराम, भगवती देवी, राणाराम,बाबुलाल चौधरी, विनोद, बक्साराम कड़ेला, पिनुदेवी, जयसिंह कच्छवाह सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जेसीआई ने प्रधानमन्त्री व लोकसभा अध्यक्ष को भेजा ज्ञापन

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पंजीकरण पोर्टल की मांग

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने देश में पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के साथ होने वाली अभद्रता, दुर्व्यवहार तथा उनके कार्य में बाधा की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा उनकी पहचान सुनिश्चित करने हेतु केंद्र सरकार से राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल पत्रकार पंजीकरण एवं पहचान सत्यापन पोर्टल स्थापित करने की मांग की है।

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना द्वारा इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को ज्ञापन भेजकर पत्रकारों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि आंदोलनों, धरना-प्रदर्शनों और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान कई बार मीडिया कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आती हैं। साथ ही, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कथित रूप से पत्रकार का रूप



धारण कर संवेदनशील स्थानों पर पहुंचने से वास्तविक पत्रकारों की पहचान को लेकर भी भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। संगठन के अनुसार, ऐसी परिस्थितियों में पत्रकारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अथवा किसी अधिकृत संस्था के माध्यम से राष्ट्रीय डिजिटल पोर्टल विकसित करने का सुझाव दिया है। इसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल न्यूज पोर्टल, वेब मीडिया तथा स्वतंत्र पत्रकारों सहित पत्रकारिता के विभिन्न माध्यमों से जुड़े लोगों के लिए स्वैच्छिक पंजीकरण की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में पंजीकरण के बाद सत्यापन प्रक्रिया के आधार पर पत्रकारों को विशिष्ट डिजिटल पहचान कोड उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया गया है। संगठन का कहना है कि इस व्यवस्था से आंदोलनों और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान अधिकृत एजेंसियों को पहचान संबंधी जानकारी के सत्यापन में सुविधा मिल सकती है। हालांकि, पंजीकरण अथवा डिजिटल पहचान को पत्रकारिता करने की अनिवार्य अनुमति न बनाए जाने और इसके अभाव में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध न लगाए जाने की बात भी कही गई है। संगठन ने पोर्टल के माध्यम से देश में पत्रकारिता से जुड़े लोगों की संख्या और उनके कार्यक्षेत्र से संबंधित समेकित आंकड़े तैयार करने तथा पात्र पत्रकारों तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया है।

इसके अलावा, आंदोलनों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा के लिए राज्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मीडिया कर्मियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण देने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार लोकतंत्र में जनता के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संगठन ने केंद्र सरकार से प्रस्ताव पर संबंधित मंत्रालयों एवं सक्षम संस्थाओं के स्तर पर विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय पत्रकार डिजिटल पंजीकरण पोर्टल की व्यवहार्यता का आकलन करने का आग्रह किया है।

सोजत में समाजसेवी महेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर



66 यूनिट रक्तदान

थिंक राजस्थान • सोजत

सोजत में समाजसेवी महेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर एक रक्तदान शिविर लगाया गया। टीम महेंद्र राठौड़ ने राजकीय अस्पताल, सोजत सिटी के ट्रॉमा सेंटर में यह शिविर आयोजित किया। इसमें 66 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस मौके पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल बांटे गए और उनके जल्द ठीक होने की कामना की गई। महेंद्र राठौड़ ने गौसेवा धाम हॉस्पिटल, धंधेड़ी में गौवंश के लिए एक गाड़ी चारा देने का भी ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन इलाकों में पानी की जरूरत है, वहां ट्यूबवेल खुदवाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में गौपुत्र दिनेश मेवाड़ा, रवि मेवाड़ा, सुगनसिंह बागोल, खुशवीरसिंह बागोल, सुनील टांक, दिनेश आसेरी, रामदेव भाटी, बालकिशन उणेचा, मोहित मेवाड़ा, रमेश मेवाड़ा, राहुल मेवाड़ा, गणपत चौहान, हेमंत नाथ, विनोद खींची, ऋषि बोराणा, हारुण खान, प्रशांत मेहता, दीपक परिहार, चम्पालाल खोरवाल, जीतू महाराज, नरेश बबलू, राकेश पवार, राहुल राठौड़ समेत कई लोग मौजूद रहे।

पाली में पिकलबॉल टूर्नामेंट, 50 खिलाड़ी हुए शामिलः बोहरा स्मैशर्स को हराकर आगम पैंथर्स ने जीता खिताब

थिंक राजस्थान • पाली

डिस्ट्रिक्ट क्लब में पिकलबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों और उनके परिवारजनों सहित विभिन्न आयु वर्ग के करीब 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया।

संयोजक राजेंद्र कवाड़ ने बताया कि फाइनल मुकाबला आगम पैंथर्स और बोहरा स्मैशर्स के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में आगम पैंथर्स ने खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ और खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में राजेंद्र कवाड़, कमल मेहता, शेर सिंह, विक्रम तलवार, चिराग पारख और कैलाश फोफलिया का विशेष सहयोग रहा। राजस्थान पिकलबॉल संघ की ओर से कमलकांत सोनी, नीरज शर्मा और निखिल सिंह सहित अन्य निर्णायकों ने अंपायर के रूप में सेवाएं देकर प्रतियोगिता के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नवलगढ़ः पंचायत चुनाव के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया



थिंक राजस्थान • नवलगढ़

नवलगढ़ में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार शाम पुलिस उपअधीक्षक सुगन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। ये फ्लैग मार्च ढाका की ढाणी, बड़वासी और बाय गांव में हुआ। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने लोगों को चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने का संदेश दिया।

पुलिस का मकसद कानून व्यवस्था बनाए रखना और मतदाताओं में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना है। पुलिस ने यह भी बताया कि चुनाव में शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से चुनाव में आपसी सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। पुलिस ने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

बिम्सटेक के गृह मंत्रियों की बैठक में अमित शाह बोले

भारत ने हमेशा आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बिम्सटेक के गृह मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। हमारी साझेदारी इस भरोसे से मजबूत होती है कि हर सदस्य देश की सुरक्षा व्यवस्था दूसरे सदस्य देशों की सुरक्षा में भी योगदान दे। हमारी साझा प्रतिबद्धता यह पक्का करे कि आतंकवादी नेटवर्क को इस क्षेत्र के किसी भी हिस्से में पनाह लेने, लोगों को भर्ती करने और ट्रेनिंग देने, फंड जुटाने या पड़ोसी देशों के खिलाफ गतिविधियां चलाने का कोई मौका या जगह न मिले। हमें राष्ट्रीय कानूनों और लागू संधियों के अनुसार, आपसी कानूनी सहायता और प्रत्यर्पण के मामलों में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए।


अमित शाह

- बिम्सटेक देश प्रत्यर्पण के मामले में आपसी समर्थन करें
- भारत सभी की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करता
- भारत मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के पक्ष में

भारत किसी पर भी हमला करने में विश्वास नहीं रखता



बिम्सटेक के गृह मंत्रियों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि बिम्सटेक क्षेत्रीय एकीकरण, आर्थिक सहयोग और सामूहिक सुरक्षा के लिए एक जरूरी मंच बन गया है। आज, भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी 'दुनिया एक परिवार है' की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हम हमेशा शांति, सह-अस्तित्व और मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, और आज भी हम इन सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। भारत ने कभी भी किसी देश पर हमला करने या उस पर अपना दबदबा बनाने में विश्वास नहीं किया है। भारत हमेशा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने और मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने में विश्वास करता रहा है।

इग्स आने वाली पीढ़ियों की जिंदगी पर हमला

केंद्रीय गृह मंत्री ने इग्स का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारे युवाओं, हमारे समाज, हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की जिंदगी पर हमला है। इसे किसी एक देश की कोशिशों से नहीं रोका जा सकता। हमें पूरे क्षेत्र को साथ लेकर चलने वाला नजरिया अपनाना होगा। इग्ग तस्करी से होने वाली गैर-कानूनी कमाई संगठित अपराध को आर्थिक ताकत देती है और इसका इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने में भी किया जाता है। प्रीकर्सर केमिकल्स का गलत इस्तेमाल और डार्क वेब के जरिए होने वाले लेन-देन इस चुनौती को और भी मुश्किल बना देते हैं।

सीमापार संगठित अपराध से निपटने में सहयोग जरूरी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रियों के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सहयोग को ऐसे व्यावहारिक इंतजामों में बदलें, जो हमारे नागरिकों की सुरक्षा और हमारी एजेंसियों की क्षमताओं को मजबूत करें। भारत बिम्सटेक के सुरक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की सराहना करता है। हम अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, सीमापार संगठित अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी जैसी आपस में जुड़ी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने और साथ ही संबंधित बिम्सटेक समझौतों को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन चुनौतियों से असरदार ढंग से निपटने के लिए इंटेलिजेंस एजेंसियों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, फाइनेंशियल मॉनिटरिंग एजेंसियों और बॉर्डर मैनेजमेंट एजेंसियों के बीच रियल-टाइम सहयोग और तालमेल बहुत जरूरी है।

मानव तस्करी गंभीर चुनौती

अमित शाह ने कहा कि मानव तस्करी भी हमारी साझा सुरक्षा और मानवाधिकारों के लिए एक गंभीर चुनौती है। पीड़ितों की पहचान करने, उन्हें बचाने, मदद करने, उनके पुनर्वास और उन्हें सुरक्षित उनके देश वापस भेजने में सहयोग हमारी सामूहिक कोशिशों का एक अहम हिस्सा बना रहना चाहिए।

खबर संक्षेप

ड्रोन देखे जाने के चलते नूर्नबर्ग एयरपोर्ट बंद

बर्लिन। जर्मनी के नूर्नबर्ग एयरपोर्ट पर मंगलवार को एविएशन इमरजेंसी की सूचना मिलने के बाद फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए। पुलिस ने कहा कि संबंधित विमान नूर्नबर्ग में सुरक्षित उतर गया और घटना के कारण की जांच चल रही है। एयरपोर्ट पर ड्रोन देखे जाने की संभावना की वजह से फ्लाइट्स को रोक दिया गया। तीन पायलटों ने अलग-अलग समय पर टेक-ऑफ या लैंडिंग के दौरान एक संदिग्ध चीज देखे जाने की सूचना दी थी।



फ्लाईदुबई मामले में 2 मालदीवी पायलट अरेस्ट

अबू धाबी। फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना में मालदीव के दो पायलट को गिरफ्तार किया गया है। इनका संबंध कैप्टन स्मित मच्छार के को-पायलट और आरोपी हमाम अल-हम्मामी से बताया जा रहा है। 3 अक्टूबर को इन दो मालदीवी पायलटों को यूएई में हिरासत में लिया गया। मालदीव के पायलटों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन यूएई स्थित मालदीवी दूतावास ने उनके परिवारों को इस संबंध में सूचित कर दिया है।



चीन के दावे को विदेश मंत्रालय ने किया खारिज

लद्दाख भारत का अटूट हिस्सा, किसी के इनकार से सच्चाई नहीं बदल सकती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लद्दाख के 28 स्थलों को भारतीय नक्शे में शामिल करने पर चीन की आपत्ति का भारत ने करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और चीन के इनकार से यह सच्चाई नहीं बदलने वाली। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है। चीनी पक्ष के इनकार से यह स्थापित तथ्य नहीं बदल सकता। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति इस मामले में स्पष्ट है। दावा किया कि लद्दाख में स्थित 28 जगहों/विशेषताओं की पहचान भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे पर मानक नामों के साथ की गई है, और यह काम केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और स्थानीय हितधारकों के परामर्श से किया गया है।

लद्दाख के भौगोलिक स्थानों की पहचान के लिए उठाया कदम | इससे आम जनता को सही ढंग से बेहतर जानकारी मिल सकेगी

भारतीय नक्शे में चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां शामिल


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता विदेश मंत्रालय

केंद्र सरकार ने इन स्थानों के नाम आधिकारिक रूप से तय कर भारतीय सर्वेक्षण विभाग के नक्शे में शामिल करने की प्रक्रिया अपनाई है। इसमें पहाड़ों की चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, जमीन के हिस्से, घाटियां और जल निकाय शामिल हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक, केंद्र सरकार ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन से सलाह लेकर 28 स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं के नाम तय किए हैं। इन नामों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे में शामिल किया जाएगा।

नामों से सरकारी रिकॉर्ड में एकरूपता आएगी

जायसवाल ने कहा कि गृह मंत्रालय के अनुसार, इन स्थानों के नाम आधिकारिक नक्शे में दर्ज करने का उद्देश्य उनकी सही पहचान और आम लोगों में बेहतर जानकारी सुनिश्चित करना है। नामों को मानक रूप देने से सरकारी रिकॉर्ड और नक्शों में एकरूपता आएगी। यह कदम लद्दाख के भौगोलिक स्थानों का आधिकारिक विवरण स्पष्ट करने के लिए उठाया गया है। जायसवाल ने कहा कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग के लद्दाख नक्शे पर इन स्थानों की औपचारिक रूप से पहचान करने का मकसद यह है कि लोग उन्हें सही ढंग से पहचान सकें और आम जनता में इनके बारे में बेहतर जानकारी उपलब्ध हो।

ये हैं 28 नाम

बता दें, भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। ये इस प्रकार हैं। **चोटी:** अतिशा गिरी, कनिष्क, मार्तंड गिरी, जोरावर, रिंचेन जंगपो, साक्यश्री गिरी, मारपा लोत्सावा री, मिलारेपा कांगरी, शिव री, महेश्वर री, **इलाका:** बांगसा, कुकसेल, देहरा कंपास, गोगरा, कुमारयण पॉइंट, पांगलुंग, श्मल लुंगपा, **पर्वत:** करुण पीर, ढाक कार्पो, जोल्मोरी, **दर्रा:** चापचिंगल दर्रा, शयमिरक दर्रा, **ग्लेशियर:** पारपिक, स्कमरी ग्लेशियर, **घाटी:** श्कोर्गा घाटी, **झील:** गुरु रिम्पोचे, **नदी:** यांगपा नदी, **जल स्रोत:** हॉट स्प्रिंग।

यह एकतरफा, पूरी तरह गैरकानूनी कदम: चीन

चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत के कदम को एकतरफा और पूरी तरह से गैरकानूनी कदम करार दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ये फैसला एकतरफा है जिसे चीन नहीं मानता। उनके मुताबिक गैर-कानूनी तरीके से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बीजिंग भारत के मानक नाम घोषित करने का विरोध करता है और इसे पूरी तरह से गैरकानूनी करार देता है। भारत के रुख पर हुए सवाल के जवाब में माओ निंग ने स्पष्ट किया कि ये इलाके उसके हैं और भारत के नाम बदलने या रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदल जाएगा।


माओ निंग

भारत का यह कदम अवैध

माओ निंग ने कहा कि चीन ने भारत के एकतरफा और अवैध रूप से स्थापित तथाकथित केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को मान्यता नहीं दी है। भारत के तथाकथित मानक स्थान नामों का बीजिंग कड़ा विरोध करता है। भारत का यह कदम अवैध और अमान्य है। इस तथ्य को नहीं बदला जा सकता कि दोनों देशों की सीमा का पश्चिमी भाग हमेशा से चीन का हिस्सा रहा है।

भारत-पाक सीमा पर साजिश का खुलासा

ड्रोन से गिराई आरडीएक्स की खेप और हथियार, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ श्रीगंगानगर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से हथियार और विस्फोटक गिराए जाने का मामला सामने आया है। रावला क्षेत्र के 12 केएनडी गांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरडीएक्स, दो पिस्टल और करीब 650 कारतूस समेत अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई। मामले में पंजाब के दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर ड्रोन से गिराए गए पैकेट उठाने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात मिली खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की। शुरुआती आशंका थी कि ड्रोन से मादक पदार्थों की खेप गिराई गई है, लेकिन तलाशी के दौरान हथियार और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामग्री की सटीक प्रकृति और मात्रा की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।


ड्रोन से गिराई गई सामग्री जब्त की गई

ड्रोन ने तीन बार में गिराए पैकेट

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ड्रोन ने तीन बार उड़ान भरकर तीन हिस्सों में खेप गिराई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने कथित तौर पर पैकेट उठाते समय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके अनुसार, दोनों युवक करीब एक महीने से ऑपरेशन 'सीमादंतक' के तहत निगरानी में थे। बरामद सामग्री में आरडीएक्स और दो पिस्टल के अलावा चार मैगजीन, करीब 650 कारतूस, बैटरी के चार जोड़े और दो रिमोट कंट्रोल भी शामिल बताए गए हैं। विस्फोटक सामग्री की वास्तविक प्रकृति और बरामद सामान की विस्तृत जांच अभी बाकी है।

बड़े नेटवर्क की कड़ी तलाश रहीं एजेंसियां

मामले की जांच में श्रीगंगानगर, बीकानेर और जयपुर की टीमें जुटी हैं। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि खेप सीमा पार से किसने भेजी, इसे किसे पहुंचाया जाना था और इसके पीछे क्या मंशा थी। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए युवक कथित नेटवर्क की अहम कड़ी हो सकते हैं। जब्त सामग्री की जांच के लिए जयपुर से विशेषज्ञ टीम बुलाई गई है। वहीं, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संभावित खतरे का आकलन करने के लिए बीकानेर से बम निरोधक दस्ते को भी भेजा जा रहा है। सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और तलाशी अभियान जारी है।

रक्षा मंत्री की चेक गणराज्य के डिप्टी पीएम के साथ बैठक

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प सैन्य हार्डवेयर का मिलकर करेंगे विकास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेक गणराज्य के डिप्टी पीएम कारेल हैवलिकेक के साथ मंगलवार को हुई व्यापक वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया, जिसमें सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त विकास की संभावनाओं पर विचार करना भी शामिल है। जनवरी 2024 में, दोनों पक्षों ने सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्रों में रक्षा क्षेत्र की पहचान की थी। कारेल चेक गणराज्य के उद्योग और व्यापार मंत्री भी हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत और चेक गणराज्य के बीच रक्षा-औद्योगिक सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की।


राजनाथ सिंह और कारेल हैवलिकेक

'मेक-इन-इंडिया' पहल को देंगे बढ़ावा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने जारी सहयोग और कई संयुक्त उपक्रमों की सफल स्थापना की सराहना की। मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने के लिए भारत-चेक संयुक्त रक्षा समिति के तहत इस सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने शांति और सुरक्षा से जुड़े मौजूदा मुद्दों पर भी चर्चा की और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए अपने सहयोग को विस्तारित करने की जरूरत पर सहमत हुए। भारत और चेक गणराज्य के बीच साझेदारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों, परस्पर विश्वास व सम्मान पर टिकी है।

सऊदी में भारतीयों के लिए एडवाइजरी

17 अक्टूबर तक उड़ानें रद्द होने से शांत और सतर्क रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की। यह एडवाइजरी तब जारी की गई जब सऊदी शहरों को लिए भारतीय एयरलाइंस की सेवाएं 17 अक्टूबर तक सस्पेंड होने के कारण उड़ानों में रुकावट आई है। रियाद में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को शांत और सतर्क रहने, हवाई हमलों की स्थिति में घर के अंदर रहने और आधिकारिक चैनलों के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। दूतावास ने भारतीयों से चल रही घटनाओं से संबंधित वीडियो या


सऊदी अरब इंटरनेशनल एयरपोर्ट

समाचार फैलाने या रीपोस्ट करने से बचने का आग्रह भी किया। दूतावास में बताया कि एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 17 अक्टूबर तक रियाद, दम्मम और जेद्दा के लिए उड़ाने सस्पेंड कर दी हैं। अकासा एयर ने रियाद और जेद्दा के लिए सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं, जबकि इंडिगो ने उसी तारीख तक रियाद, दम्मम, जेद्दा और मदीना के लिए उड़ाने रद कर दी हैं। रियाद एयरपोर्ट पर कामकाज सस्पेंड करने की घोषणा की है।

भारतीय नौसेना में शामिल होगा 'समर्थक'



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 16 अक्टूबर 2026 को कारवार स्थित नौसैनिक अड्डे पर बहुउद्देश्यीय युद्धपोत समर्थक को अपने बेड़े में शामिल करने वाली है। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा निर्मित, समर्थक युद्धपोत को नौ सेना के बेड़े में शामिल करना भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह पोत समुद्री निगरानी और गश्त के लिए तैयार किया गया है। यह कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, लक्ष्य तैनाती और परीक्षण प्लेटफॉर्म, मानवरहित स्वायत प्रणाली मदरशिप, मानवीय सहायता और आपदा राहत तथा सीमित अस्पताल में रूपांतरित होने और बचाव कार्यों में सक्षम है।

नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू

भारत-रूस की नौसेनाएं के बीच तालमेल और क्षमता का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस की मजबूत दोस्ती को और आगे बढ़ाते हुए मंगलवार से दोनों देशों के बीच नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू हो गया है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, यह अभ्यास 13 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। यहां दोनों देशों के आधुनिक युद्धपोत एक साथ समुद्र में नजर आएंगे। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहले ही 10 अक्टूबर को रूस के व्लादिवोस्तोक पहुंच चुका है। यही युद्धपोत द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' में भारत का


आईएनएस सह्याद्रि रूस में

प्रतिनिधित्व करेगा। इस अभ्यास के दौरान भारत-रूस की पुरानी रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस नौसैनिक अभ्यास का उद्देश्य भारत और रूसी नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, एक-दूसरे के संचालन तरीकों को समझना और समुद्र में मिलकर काम करने की क्षमता को मजबूत करना है।

दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों के गलत नैरेटिव दुनियाभर में फैला रहा पाकिस्तान

फेक पोस्ट मामले में 4 एफआईआर दर्ज, 200 पोस्ट मिटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हालिया विरोध प्रदर्शनों और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों को लेकर दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने गलत नैरेटिव फैलाने और माहौल खराब करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज की हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 200 से अधिक भ्रामक और तथ्यहीन पोस्ट को हटवाया है। पाकिस्तान स्थित सोशल मीडिया हैंडल सहित लगभग 100 सोशल मीडिया हैंडल फर्जी बयानबाजी फैलाने के आरोप में पुलिस की निगरानी में हैं। यह सारी एफआईआर बाराखंबा विरोध प्रदर्शनों के संबंध में चार एफआईआर दर्ज की गईं। जानकारी के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों और त्योहारी मौसम को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने गृह मंत्रालय से दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध किया है।

करीब 100 सोशल मीडिया हैंडल पुलिस की निगरानी में | दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध

पाक यूजर्स भारतीय नाम रखकर झूठी खबरें फैला रहे


एआई इमेज

सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि सीमा पार से भारत विरोधी भावनाएं फैलाने और तनाव पैदा करने में कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। 10 अक्टूबर से शुरू हुई इस ऑनलाइन प्रोपेगैंडा मुहिम के तहत, पाकिस्तान से संचालित होने वाले कुछ यूजर कथित तौर पर भारतीय नाम रखकर भ्रामक वीडियो और झूठी खबरें फैला रहे हैं, ताकि ऐसा लगे कि ये पोस्ट देश के भीतर से ही किए जा रहे हैं।

पुलिस गहनता से छानबीन कर रही

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान मौतों से जुड़ी कई झूठी रिपोर्ट्स भी इन हैंडल्स द्वारा फैलाई गई थीं। इसके अलावा, जनता के बीच अशांति या अफवाह फैलाने वाले लगभग 200 सोशल मीडिया पोस्ट को अब तक हटाया जा चुका है। पुलिस इस मामले में साइबर सेल की मदद से गहनता से छानबीन कर रही है और पाकिस्तान से जुड़े एंगल की भी जांच की जा रही है।

सतर्कता बरतने की अपील

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वाले विदेशी या फर्जी हैंडल्स के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया है और लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी है। उन्होंने ऐसे किसी पोस्ट को शेयर न करने की सलाह दी है, जिससे माहौल खराब हो रहा हो।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने कूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लॉन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम खोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।



गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने रिकॉर्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली, जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं।

शुभमन को इससे पहले जनवरी और सितंबर 2023 और फरवरी और जुलाई 2025 में चुना गया था। शुभमन ने कहा,' पांचवीं बार आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिये पैनल को धन्यवाद देता हूं।' गिल ने दूसरे मैच में 133 गेंद में 223 रन बनाए थे, जिसके दम पर भारत ने 406 रन का लक्ष्य 39 गेंद बाकी रहते हासिल करके 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।



शेफाली ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

शेफाली ने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विजयी पारी खेलने के बाद यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने महिला एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। एशियाई खेलों में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 100 और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए थे।

जीत में योगदान देना अच्छा : शेफाली

शेफाली ने कहा,' यह पुरस्कार फिर हासिल करना सम्मान की बात है। एशिया कप और एशियाई खेलों में खिताबी जीत में योगदान देना अच्छा रहा, जिससे यह जीत और खास हो गई।'



आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

दुबई। स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी ताजा रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटी। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत नौवे स्थान पर है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवे स्थान पर खिसक गई। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत दसवें स्थान पर है। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष दस में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर है। वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर है। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

खबर संक्षेप



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे डिसिल्वा



कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुसल मेंडिस कप्तान होंगे जबकि पूर्व कप्तान धनंजय डिसिल्वा भी टीम में होंगे। श्रीलंका की टी20 और वनडे टीमों की कप्तानी कर चुके 31 वर्ष के मेंडिस कुछ दिन पहले डिसिल्वा की जगह कप्तान बने । 35 वर्ष के डिसिल्वा ने नई पीढी के मौका देने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी। पाथुम निसांका को भी टीम में जगह दी गई है बशर्ते वह पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएं। श्रीलंका टीम नौ नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। श्रीलंका इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में सातवें और पाकिस्तान आखिरी स्थान पर है।

डोपिंग उल्लंघन में निलंबित हुए कोच यूनुस खान



नई दिल्ली। भारत के जाने-माने एथलेटिक्स कोच मोहम्मद यूनुस खान को डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन में शामिल होने के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। खान ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को उनके शुरुआती करियर में प्रशिक्षण दिया था। पुणे स्थित प्रतिष्ठित सेना खेल संस्थान (एएसआई) में मध्यम और लंबी दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने वाले खान पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपने नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत आरोप लगाया है।

चौथा टी-20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।



भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43), कामिल पूरन (42) और स्प्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया



एजेंसी ▶▶| सिकंदराबाद

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

एफवन रेस

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी के दिखे संकेत



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी को लेकर चल रही कवायद के बीच प्रणव अडाणी की सिंगापुर ग्रां प्री में निजी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा है। प्रणव निजी तौर पर सिंगापुर जीपी पैडोक में थे और विश्व मोटर स्पोटर्स की संचालन संस्था एफआईए के अतिथि के रूप में मौजूद थे। अडाणी समूह ने कर्जे में डूबे जेपी समूह का अधिग्रहण कर लिया है, जिसमें 2011 से 2013 के बीच फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी करने वाला बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है।

वित्तीय चुनौतियों और कर से जुड़े मसलों के कारण उसके बाद भारत में एफवन रेस नहीं हुई। करण अडाणी ने भारत में एफवन रेस के आयोजन की इच्छा जताई थी और भारत सरकार की भी इसमें रुचि है।

भारत में हुआ कार्यबल का गठन

हाल ही में एफवन के भारत में फिर से आयोजन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। रेस की वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन अडाणी समूह और एफवन प्रबंधन ने इस मामले में बातचीत की है। ऐसे में प्रणव की एफआईए अधिकारियों से मुलाकात काफी मायने रखती है।

भारत में मेरे काफी प्रशंसक : नौरिस

मौजूदा विश्व चैंपियन ड्राइवर लैंडो नौरिस ने सिंगापुर जीपी से पहले कहा था,' मुझे पता है कि भारत में मेरे काफी प्रशंसक हैं। कई साल तक भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला मेरी टीम में था और मेरे अच्छे दोस्तों में से है।' उन्होंने कहा,' मैं कभी भारत नहीं गया लेकिन जाना चाहता हूं।'

हेलमेट में लगी बॉल, स्मिथ का होगा कनकशन टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट) जांच के लिए भेजा जाएगा। सैतीस वर्ष के स्मिथ को मैच के चौथे दिन सोमवार को नॉर्किया की शॉर्टपिच गेंद को खेलने के प्रयास में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं आए। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा ,' उम्मीद है कि वह ठीक होगा। गेंद काफी तेजी से लगी है। हम उसके ठीक होने की कामना करते हैं।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया की सिर की चोट और कनकशन नीति के तहत स्मिथ को अगले 24 घंटे निगरानी में रखा जाएगा।



कोलकाता में होगा फुटबॉल का रोमांच खेलेंगी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

स्पेन के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच 25 नवंबर को एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री इंद्रनील खान ने यह जानकारी दी। यह मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस आयोजन की घोषणा की। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी क्लबों के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होने वाले मुकाबले का संकेत देते हुए लिखा, 'एल क्लासिको की तैयारी जारी... बार्सीलोना लीजेंड्स बनाम रियाल मैड्रिड लीजेंड्स... 25 नवंबर, 2026, विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता।'' यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब इस महीने की शुरुआत में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच आयोजित किए गए थे।



बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पहली बार हारा टेस्ट मैच

द. अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।



बेहतरीन लय में हेजलवुड

एनरिक नॉर्टजे को आउट करते हुए हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पर मुहर लगाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, मैट रेनशॉ ने दो और मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने एक-एक विकेट झटका।

सिर्फ एक रन पर आउट हुए रेनशॉ

कप्तान टेंबा बावुमा को मैट रेनशॉ ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स भी एक रन ही बना सके। वियान मुल्डर ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन वह 29 रन बनाने के बाद जोश हेजलवुड की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने भी महज एकर रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्को जानसन टीम के लिए कुछ हद तक संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वो भी 35 रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। साइमन हार्मर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, तो केशव महाराज एक रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मैट रेनशॉ द्वारा खेली गई 190 रनों की लाजवाब पारी के बूते 390 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 106 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने मैट रेनशॉ की 82 और निक मैडिनसन की 48 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाने के बाद पारी को घोषित किया और साउथ अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा।



राष्ट्रपति से मिलने जातीं भाजपा की सांसद और कार्यकर्ता

राष्ट्रपति से मिला प्रतिनिधिमंडल शिकायत की

भाजपा की महिला सांसदों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात और कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को बर्खास्त करने हस्तक्षेप की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और जेएनयू में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम को लोकसभा से निलंबित करने के लिए उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से अकोइजम के कथित यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वह मामले की जांच कराएंगी।उन्होंने बताया कि 15 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 11 युवतियों ने लिखित शिकायत देकर कथित कदाचार का आरोप लगाया है।

आत्मा और सम्मान को पहुंचाई ठेस

बांसुरी स्वराज बोलीं- घटना ने झकझोर दिया

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए इसे 'पाखंड' करार दिया है। भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बांसुरी ने इन खुलासों को रोंगटे खड़े कर देने वाला बताया। बांसुरी ने कहा कि कांग्रेस सांसद पर महिला छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार और अनुचित शारीरिक स्पर्श करने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। ऐसे आरोप किसी भी व्यक्ति की आत्मा को झकझोर कर रख देने वाले हैं।

प्रोफेसर ने सभी आरोपों को 'उत्पीड़न' बताया

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर और कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर 11 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बिमोल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को 'उत्पीड़न' और 'खाप पंचायत' जैसी शैली करार दिया है। उनका कहना है कि जेएनयू की यह कार्रवाई नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी करके की गई है। अदालत में सच्चाई सामने आ जाएगी। शिक्षक संघ ने इस बर्खास्तगी की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि यह बिना कार्यकारी परिषद की मंजूरी के और नियमों का उल्लंघन करके की गई है।



खबर संक्षेप

राहुल मानहानि मामले में अब 26 को फैसला

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई पूरी हो गई है। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निर्णय के लिए 26 अक्तूबर की तारीख तय की।




आईएएस समेत 3 अन्य पर एफआईआर दर्ज

भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश कैडर के एक आईएएस अधिकारी समेत तीन अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक पब में देर रात की चेकिंग के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर और उनके साथियों के साथ बदसलूकी और मारपीट की।



नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर की सरेआम हत्या

मानसा। पंजाब के मानसा जिले में नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर सामाजिक मुहिम चलाने वाले मशहूर नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों नेतब अंजाम दिया जबवे साथियों के साथ मानसा क्षेत्र में मौजूद थे।



ममता पर चाकू से हमले की कोशिश, शिकायत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी पर हमले के मामले में टीएमसी की सांसद डोला सेन ने शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने दावा किया कि एक नशे का आदी व्यक्ति ममता के आवास पर पहुंचा और उसने चाकू से हमला करने की कोशिश की।



एसआईआर और सीईसी के इस्तीफे के लिए देशभर में प्रदर्शन

जंतर-मंतर में 'चुपके से' घुसे सौरभ पुलिस ने रांका को हिरासत में लिया

दीपके ने पोस्ट किया वीडियो जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस ने फिर से हिरासत में ले लिया है। दोनों अजिंक्य शिंदे समेत कुछ साथियों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे थे। यह घटनाक्रम दिल्ली पुलिस की सोमवार की उस घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगह नहीं रहेगा।

सीजेपी ने प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर को फिर से हासिल करने की कोशिश में वहां प्रवेश किया। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करना चाहते थे। अभिजीत दीपके ने कहा कि तिरंगा लेकर कार्यकर्ता मंगलवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचे थे।



पुलिस बोली, मैदान अब प्रदर्शनों के लिए निर्धारित नहीं

हिरासत पर भड़के दीपके

तिरंगा फहराना गुनाह है क्या? और उग्र होगा आंदोलन

दीपके ने साथियों को हिरासत में लिए जाने पर सरकार और दिल्ली पुलिस को घेरा है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने को कानून का उल्लंघन मानता है, तो वह देशद्रोही है। तिरंगा फहराने पर लोगों को हिरासत में लेना समझ से परे है। इस कार्रवाई के विरोध में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि अगर तिरंगा फहराने के लिए उनके साथियों पर आरोप लगाए जाते हैं, तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

एनएसयूआई ने कनॉट प्लेस में प्रदर्शन किया

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की

कांग्रेस की छत्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 7 पर अचानक विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।



अनुराग ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

वोट चोरी पर पुख्ता सबूत और आंकड़े दें राहुल

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है।ठाकुर ने राहुल को चुनौती दी कि वे अपने लगाए गए आरोपों (जैसे 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग पर सवाल) के समर्थन में देश के सामने पुख्ता सबूत और आंकड़े रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल बार-बार चुनाव आयोग, ईवीएम और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर बेबुनियाद सवाल उठाकर जनादेश और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। ठाकुर ने कांग्रेस पर 'राज नहीं तो अराजकता' (जब सत्ता न हो तो अस्थिरता फैलाना) की राजनीति करने का आरोप लगाया।उन्होंने हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिसकर्मियों और महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के वीडियो का हवाला देते हुए कांग्रेस नेताओं के आचरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कांग्रेस के पुराने इतिहास का जिक्र करते हुए आपातकाल और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन की याद दिलाई और अमर्यादित भाषा का प्रयोग बंद करने की सलाह दी।





गर्भवती महिला पत्रकार का राहुल पर आरोप

मुझे धक्का दिया, वे तो 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाते थे

महिला पत्रकार ने कैमरे पर बताई आपबीती उसने कहा- मैं अपना काम कर रही थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को विपक्ष के विरोध प्रदर्शन को कवर कर रही एक महिला पत्रकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उन्हें धक्का देने का आरोप लगाया है। इससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। रिचा पराशर ने आरोप लगाया कि राहुल ने उन्हें धक्का दिया। यह घटना सुप्रीम कोर्ट से बाहर निकलते समय हुई। रिचा ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। रिचा ने राहुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाने वाले क्या ऐसे ही तोड़ेंगे।

राहुल के गार्डों ने भी धक्का दिया, कैमरामैन को कोहनी मारी

रिचा के अनुसार वे राहुल का बाइट लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के गेट पर खड़ी थीं। उन्होंने माइक बढ़ाया, पर लोगों के कहने पर हटाया। हालांकि, अन्य मीडियाकर्मी भी वहां मौजूद थे, इसलिए उन्होंने फिर माइक बढ़ाया। राहुल आगे बढ़े और उन्होंने रिचा के कंधे को पकड़कर खींचा। उनके गार्डों ने भी रिचा को धक्का दिया। वीडियो में राहुल ने उनके कैमरामैन को कोहनी मारी, जिससे, वे गिर गए। धक्का लगने से रिचा सीढ़ियों से नीचे गिर गईं और उनके फोन की स्क्रीन टूट गई। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के समर्थकों ने 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए, जिससे उनकी आवाज दबाने की कोशिश की गई।

शाह के क्षेत्र में भाजपा का दबदबा कायम

44 में से 38 सीटें फतह कर ली आप का खाता तक नहीं खुला

एजेंसी ▶▶ अलवर

भाजपा ने गांधीनगर नगर निगम (जीएमसी) पर अपना दबदबा बनाए रखा है। निकाय चुनाव में भाजपा ने 44 में से 38 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई और 2021 की 2सीटों के मुकाबले इस बार 5सीटें हासिल कीं। जबकि, आप इस बार अपना खाता भी नहीं खोल पाई। चुनाव में बची हुई एक सीट एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती। मंगलवार को घोषित नतीजों में भाजपा को राज्य की राजधानी के निकाय में स्पष्ट बहुमत मिला।



इसके बाद ट्रेन को आगरा भेजने का प्रबंध किया गया।आप के लिए नतीजे निराशाजनक रहे। 2021 में एक सीट जीतने वाली पार्टी इस बार एक भी सीट नहीं जीत सकी। उसका वोट शेयर भी पिछले चुनाव के करीब 21.77 फीसदी से घटकर 4.38 फीसदी रह गया।

अमेठी में राजनीतिक सरगर्मी

विधायक राकेश,अभय सिंह विनोद आज बनेंगे भाजपाई

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग

यहां के गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाजपा में शामिल होने से जिले के राजनीतिक समीकरण में खासा बदलाव आएगा। उनके साथ गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह और कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी भी भाजपा में शामिल होंगे। सिंह सपा के टिकट पर लगातार 3 बार गौरीगंज से विधायक चुने गए हैं। विधायक के आवास मंगलम के बगल में तैयारियां की गई हैं। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इसे अमेठी की राजनीति में अहम माना जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय मंत्री भोला सिंह, पूजा पाल और प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत गौरीगंज के 500 से अधिक ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।



समिति की अध्यक्षता करेंगी डीयू के साउथ कैंपस की निदेशक

शिक्षा मंत्रालय ने किया ऐलान

रांची के ट्रिपल आईटी में छात्र की मौत, जांच करेगी 3 सदस्यीय टीम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड के रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के परिसर में हुई छात्र की मौत के मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 3 सदस्यीय जांच समिति के गठन की घोषणा की है। जिसकी अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के साउथ कैंपस की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी करेंगी। मंत्रालय ने 13 अक्टूबर को एक बयान के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्रालय ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यों वाली जांच समिति का गठन कर दिया है।



प्रशासनिक व्यवस्थाएं करता मंत्रालय

मंत्रालय ने समिति को इस घटना से जुड़ी परिस्थितियों और संबंधित दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन का आकलन करने की जिम्मेदारी सौंपी है। संस्थान में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, कार्यप्रणाली, संस्थागत सहायता प्रणालियों, परामर्श व मार्गदर्शन की व्यवस्थाओं और छात्रों की समस्याओं के लिए बनाए गए निवारण तंत्र की समीक्षा भी समिति करेगी। अपनी रिपोर्ट में समिति संस्थान में व्यवस्था से जुड़ी किसी भी कमी की पहचान करेगी, छात्रों के कल्याण को मजबूत बनाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के उपाय सुझाएगी। जरूरत पड़ने पर ट्रिपल आईटी के सभी संबंधित पक्षों से समिति चर्चा करेगी, प्रासंगिक अभिलेखों, दस्तावेजों की जांच भी उसके अधिकार क्षेत्र का हिस्सा होगी।मंत्रालय छात्रों के हितों, कल्याण के मद्देनजर व्यवस्था कर रहा है।

'ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम' में प्रधानमंत्री ने डिजिटल शक्ति को बताया बदलाव का प्रमुख आधार

'पावर टू एंपावर' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा भारत, दुनिया के लिए अवसर पैदा करना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की आर्थिक और तकनीकी शक्ति का उद्देश्य केवल अपनी प्रगति करना नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी विकास के नए अवसर खोलना है। उन्होंने कहा कि भारत किसी दूसरे देश की कीमत पर आगे नहीं बढ़ता, बल्कि दुनिया के साथ और दुनिया के लिए विकास करना चाहता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत भरोसे और स्थिरता का आधार बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 'ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी शासन व्यवस्था और कार्यसंस्कृति में 'पावर टू एंपावर' यानी दूसरों को सशक्त बनाने के लिए शक्ति के उपयोग का सिद्धांत अपनाया है। उनके मुताबिक, शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल आगे बढ़ने की क्षमता नहीं, बल्कि दूसरों को आगे बढ़ने में सक्षम बनाना भी है। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में तकनीक, डेटा, ज्ञान और नवाचार शक्ति के महत्वपूर्ण स्रोत बन गए हैं। डिजिटल तकनीक ने भारत में अवसरों का विस्तार किया है और सरकार का प्रयास है कि देश की क्षमताओं का लाभ दूसरे देशों को भी मिले। उन्होंने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अपने अनुभव दूसरे देशों के साथ साझा कर रहा है, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार डिजिटल व्यवस्थाएं विकसित कर सकें।



स्टार्टअप की संख्या 2.50 लाख के पार

प्रधानमंत्री ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को नवाचार,व्यापक आर्थिक भागीदारी का उदाहरण बताया। देश में स्टॅअप की संख्या 2.5 लाख के पार है।

वैश्विक अनिश्चितता के बीच मजबूत अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत आधार पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और भारतीय बैंकिंग प्रणाली कई दशकों के सबसे मजबूत दौर में है। मोदी ने चालू खाते के घाटे में कमी का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार, 12-13 वर्ष पहले भारत का चालू खाते का घाटा जीडीपी के चार प्रतिशत से अधिक था, जो पिछले वर्ष घटकर 0.61 प्रतिशत रह गया। भारत की आर्थिक मजबूती के कारण देश की साख में सुधार हो रहा है और सरकार सुधारों की प्रक्रिया को लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दिवाला कानून, श्रम कानूनों के एकीकरण और कारोबार से जुड़े कई छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने जैसे कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने जटिल कर व्यवस्था को एक राष्ट्रीय बाजार में बदलने में मदद की है। सरकार के लिए सुधार कोई मजबूरी नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास का विषय हैं।

लोकतंत्र की जननी है भारत

प्रधानमंत्री ने भारत की लोकतांत्रिक और भाषाई विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि देश में 100 से अधिक भाषाएं, करीब 80 हजार पंजीकृत समाचारपत्र और प्रकाशन तथा एक हजार से अधिक सैटेलाइट टेलीविजन चैनल हैं। इतनी विविधता के बावजूद भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक सहभागिता देश की विशेष पहचान है। मोदी ने पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का भी उल्लेख किया। उन्होंने इसे भारत में व्यापक विकास और अवसरों के विस्तार से जोड़ते हुए कहा कि देश की प्रगति का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को विकास की प्रक्रिया में शामिल करना है।

भारत की विकास नीति का आधार सामूहिक प्रगति

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भारत की प्रगति सबको साथ लेकर चलने की सोच पर आधारित है। उन्होंने 'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड', 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' और 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' जैसी अवधारणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का दृष्टिकोण देशों को जोड़ने, सहयोग बढ़ाने और साझा समस्याओं का समाधान खोजने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी जिम्मेदारी समझते हुए विश्व में मदद के लिए आगे आता है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415